दिनांक: 09.10.2023

नाईपर, एस.ए.एस. नगर में फार्मास्यूटिकल अनुसंधान और ज्ञान के लिए आर्टिफीशियल इन्टेलिजेंस समाधान (एआई-स्पार्क 2023) पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन एवं कार्यशाला का उदघाटन समारोह

राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (नाईपर) एस.ए.एस. नगर फार्मास्युटिकल अनुसंधान और ज्ञान के लिए आर्टिफीशियल इन्टेलिजेंस समाधान (एआई-स्पार्क 2023) पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। यह सम्मेलन फार्मास्युटिकल विज्ञान में एआई नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के रसायन और उर्वरक मंत्रालय के औषध विभाग (डीओपी) की एक पहल है। सम्मेलन का उद्देश्य दवा की खोज और विकास में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में अग्रणी शोधकर्ताओं, विशेषज्ञों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों को एक साथ लाना है। सम्मेलन में विविध ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियाँ, संवादात्मक कार्यशाला और आकर्षक चर्चाएँ होंगी, जो ज्ञान के आदान-प्रदान और नेटवर्किंग के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेंगी।

एक प्रभावशाली लाइन-अप के साथ, एआई-स्पार्क 2023 में लगभग 23 आमंत्रित वक्ता शामिल होंगे, जिसमें भारत के बेहतरीन संस्थानों और उद्योग के शीर्ष स्तरीय अकादमिक योगदानकर्ताओं के साथ साथ अमेरिका और ब्रिटेन के सम्मानित अंतरराष्ट्रीय वक्ता शामिल होंगे।

आज सम्मेलन का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान, फार्माकोइनफॉर्मेटिक्स विभाग की प्रमुख प्रोफेसर प्रभा गर्ग ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया। उन्होंने फार्मा और अन्य क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विकास, अनुप्रयोगों और क्षमता के बारे में उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि सम्मलेन में 300 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं तथा 99 पोस्टर प्रदर्शित किये जायेंगे। इसके बाद नाईपर, एसएएस नगर के निदेशक प्रो.दुलाल पांडा द्वारा संबोधन दिया गया। उन्होंने उल्लेख किया कि यह औषध विभाग (डीओपी), रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार की एक पहल है और उन्होंने इसके लिए सुश्री एस. अपर्णा, सचिव, औषध विभाग, भारत सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने आगे बताया कि सम्मेलन का लक्ष्य यह पता लगाना है कि फार्मा क्षेत्र में एआई का प्रभावी ढंग से उपयोग कैसे किया जा सकता है क्योंकि एआई की संभावनाएं असीमित हैं। इसके बाद औषधीय रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रोफेसर पीवी भारतम द्वारा एआई-स्पार्क 2023 सम्मलेन के बारे में प्रारंभिक जानकारी प्रदान की गयी । उन्होंने बताया कि नाईपर, एसएएस नगर 2003 में फार्माकोइंफॉर्मेटिक्स पाठ्यक्रम शुरू करने वाला दुनिया का पहला संस्थान था।

मुख्य भाषण सीएसआईआर के पूर्व महानिदेशक प्रो. समीर के ब्रह्मचारी ने दिया। उन्होंने "एआई युग में हेल्थकेयर टेक्नोलॉजीज: कैन इंडिया पोल वॉल्ट विद सॉफ्ट लैंडिंग" पर बात की। उन्होंने बताया कि जिस तरह से भारत ने भारतीय हरित क्रांति, भारतीय श्वेत क्रांति, भारतीय आईटी क्रांति, भारतीय अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी क्रांति और भारतीय मोबाइल फोन क्रांति को साबित किया है, क्या भारत इसे हेल्थकेयर टेक्नोलॉजीज में दोहरा सकता है। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण और एआई स्वास्थ्य देखभाल के लिए गेम चेंजर है और भारत इस विज्ञान में अनुसरण करने कि बजाए अग्रणी हो सकता है। उदघाटन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

Date: 09.10.23

Inauguration of International Conference cum Workshop on Artificial Intelligence Solutions for Pharmaceutical Research and Knowledge (AI-SPARK 2023) at NIPER SAS Nagar

National Institute of Pharmaceutical Education and Research (NIPER) S.A.S. Nagar has been organizing **International Conference cum Workshop on Artificial Intelligence Solutions for Pharmaceutical Research and Knowledge** (AI-SPARK 2023) from **October 9-11, 2023**. This conference is an initiative of the Department of Pharmaceuticals (DoP), Ministry of Chemicals and Fertilizers, Government of India (GOI) to foster AI innovations in Pharmaceutical Sciences. The conference aims to bring together leading researchers, experts, and industry professionals in the field of Artificial Intelligence in drug discovery and development. The conference will feature diverse insightful presentations, interactive workshop, and engaging discussions, providing a unique platform for knowledge exchange and networking.

With an impressive line-up, AI-SPARK 2023 is having around 23 invited speakers, showcasing a blend of top-tier academic contributors from India's finest institutions and industry, along with esteemed international minds from the USA and UK.

Today, the Inaugural function of the conference was organized. During the Inaugural function, Prof. Prabha Garg, Head, Dept. of Pharmacoinformatics welcomed the audience. She mentioned about the evolution, applications and potential of Artificial Intelligence (AI) in Pharma and other fields. She said that there are >300 participants and 99 posters will be displayed. It was followed by the address of Prof. Dulal Panda, Director NIPER-SAS Nagar. He mentioned that it is an initiative of Dept. of Pharmaceuticals (DoP), Ministry of Chemicals and Fertilizers, GOI and he thanked Ms. S. Aparna, Secretary, DoP, GOI. He further told that the Goal of the conference is to explore how AI can be effectively used in Pharma sector as the possibilities of AI are limitless. It was followed by the opening remarks of Prof. PV Bharatam, Head Dept. of Medicinal Chemistry. He told that NIEPR SAS Nagar was the first institute in the world to start the Pharmacoinformatics course in 2003.

The keynote address was given by Prof. Samir K Brahmachari, former DG, CSIR. He spoke on "Heathcare Technologies in the AI Era: Can India Pole Vault with Soft Landing". He told the way India has proved for Indian Green Revolution, Indian White Revolution, Indian IT Revolution, Indian Space Technology Revolution and Indian Mobile Phone Revolution, can India replicate this in Healthcare Technologies. He said Digitization and AI is game changer for Health Care and India can be in the frontiers of this Science to lead and not to follow. The inaugural function was concluded successfully.